SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 09 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 341

# जी20 शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया रास्ता तैयार करेगा : नरेंद्र मोदी

**❐ भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख रही है**

**❐ वंचितों, पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के गांधी जी के मिशन का अनुकरण करना महत्वपूर्ण है**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख रही है जहां वैश्विक दक्षिण की विकासात्मक चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी गई है। वंचितों की सेवा करने के गांधी जी के मिशन का अनुकरण करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधान मंत्री ने रेखांकित किया कि भारत प्रगति को आगे बढ़ाने के मानव-केंद्रित तरीके पर बहुत जोर देता है। प्रधान मंत्री ने बताया कि वह एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य पर सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें मजबूत, टिकाऊ, समावेशी और संतुलित विकास को आगे बढ़ाने सहित विश्व समुदाय के लिए प्रमुख चिंता के कई मुद्दे शामिल होंगे। उन्होंने मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित करने का भी उल्लेख किया। प्रधान मंत्री ने आगे कहा कि माननीय राष्ट्रपति 9 सितंबर 2023 को नेताओं के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।




नेता 10 सितंबर 2023 को राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। उसी दिन समापन समारोह में, जी20 नेता एक स्वस्थ एक पृथ्वी के लिए एक परिवार की तरह मिलकर एक टिकाऊ और न्यायसंगत एक भविष्य के लिए अपने सामूहिक दृष्टिकोण को साझा करेंगे। एक्स पर एक सूत्र साझा करते हुए प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि भारत को 09-10 सितंबर को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला त्र20 शिखर सम्मेलन है। मैं अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करता हूं।

यह मेरा दृढ़ विश्वास है कि नई दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

## मोदी विश्व के 15 से अधिक नेताओं के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक

शनिवार से शुरू होने वाले जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के साथ, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 15 से अधिक विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी।शुक्रवार को वह अपने आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मॉरीशस, बांग्लादेश और अमेरिका के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।
शनिवार को जी20 बैठकों के अलावा प्रधानमंत्री ब्रिटेन, जापान, जर्मनी और इटली नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।10 सितंबर को वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ वर्किंग लंच मीटिंग करेंगे।सूत्रों ने बताया कि वह कनाडा के साथ एक अलग बैठक करेंगे और कोमोरोस, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, यूरोपीय संघ, यूरोपीय आयोग, ब्राजील और नाइजीरिया के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।
जी20 शिखर सम्मेलन में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ,अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ,ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़, ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो,कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो,चीन के प्रधान मंत्री ली च्यांग, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन,जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़,इंडोनेशिया गणराज्य के राष्ट्रपति जोको विडोडो, इटली के प्रधानमंत्री मेलोनी जियोर्जिया ,जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा,मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल,दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल,रूसी संघ के विदेश मामलों के मंत्री सर्गेई लावरोव ,सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन सलमान,दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफ़ोसा,तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन, यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक,यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स माइकल शामिल होंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक-बोलेरो की आमने-सामने भिडंत, 7 लोगों की मौत

**चुरू (आरएनएस)।** राजस्थान के चूरू जिले के साड़ा सर गांव के पास भीषण सडक़ हादसा हो गया है। सडक़ हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 18 लोग घायल हो गए जिनमें आठ लोग गंभीर होने से उनको अन्य अस्पताल में रेफर किया गया है। यह सडक़ हादसा ट्रक व बोलेरो की आमने-सामने की भिडंत से हुआ। मृतक बोलेरो में सवार होकर पल्लू केसरो की पुजा व दर्शन कर अपने गांव लौट रहे थे। मृतकों में तीन महिला ,एक पुरुष व एक बच्चा है जो मौके पर ही दम तोड दिया था।पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर लिया है तथा घायलों को राजकीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवा दिया गया है। जांच शुरू कर दी है।

### एयरहोस्टेस की हत्या के आरोपी ने मुंबई पुलिस लॉक-अप में लगाई फांसी

**मुंबई (आरएनएस)।** तीन सितंबर को रायपुर की ट्रेनी एयरहोस्टेस रूपल ओग्रे की हत्या के मुख्य आरोपी विक्रम अटवाल ने कथित तौर पर अदालत में पेशी से कुछ घंटे पहले पुलिस लॉकअप में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 40 वर्षीय अटवाल को पवई पुलिस स्टेशन की एक टीम ने सोमवार तडक़े गिरफ्तार किया था, जब उसने 24 वर्षीय ओग्रे की अंधेरी पूर्व के मरोल स्थित उसके पॉश घर में गला काटकर हत्या कर दी थी। मरोल इलाके के तुंगा के निवासी अटवाल को उसकी हिरासत रिमांड बढ़ाने के लिए शुक्रवार दोपहर को अदालत में पेश किया जाना था। सुबह वह हवालात के शौचालय में गया और फिर काफी देर तक बाहर नहीं आया। इसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और उसे वहां अपने ही कपड़ों के साथ पाइप से लटका हुआ पाया। अटवाल के परिवार, जिसमें उनकी पत्नी और दो बेटियां शामिल हैं, को उनकी मौत की सूचना दे दी गई है और आगे की जांच चल रही है।

### आंध्र प्रदेश के कुरनूल में पुलिस हेड कांस्टेबल ने खुद को मारी गोली

**कुरनूल (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल में एक हेड कांस्टेबल ने शुक्रवार को अपनी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शहर के लोकायुक्त कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात सत्यनारायण ने बाथरूम में अपनी बंदूक से खुद को गोली मार ली। पुलिस के मुताबिक, गोली की आवाज सुनकर ऑफिस का स्टाफ बाथरूम की ओर दौड़ा और हेड कांस्टेबल को खून से लथपथ पाया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी, बेटी के साथ वृंदावन पहुंचे सांसद मनोज तिवारी

**मथुरा (आरएनएस)।** वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित राधा किशोरी धाम आश्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में शामिल होने आए दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहुंचे। साथ ही सांसद मनोज तिवारी ने आश्रम पहुंचकर महामंडलेश्वर इंद्रदेवेश्वरानंद महाराज से आशीर्वाद लिया और मंच पर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाए तो अपनी आवाज के जादू से देशभर से आए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आज मैं भगवान श्री कृष्ण की नगरी पहुंचा और मैंने अपने आप को आज धन्य किया है। वैसे तो कई बार मैं वृंदावन आ चुका हूं, लेकिन इस बार भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर पहुंचा हु। यह मेरे लिए बड़ा ही सौभाग्य का विषय है। साथ ही मनोज तिवारी ने स्टालिन के बयान पर हमला करते हुए कहा हम उनसे सनातन को नष्ट करने का तरीका पूछना चाहते हैं। कैसे वह सनातन को नष्ट करेंगे। क्या वे मंदिर तोड़ेंगे? क्या हमें मारेंगे? क्या हिंदुओं का नरसंहार करेंगे? उदयनीधि और उनके गैंग के लोगों अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, राहुल गांधी को बताना चाहिए कि सनातन को नष्ट करने का आपका अभिप्राय क्या है? नहीं बताएंगे तो देश यही समझेगा कि आप वही कार्य करना चाहते हैं, जो औरंगजेब ने किया था।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, चार की मौत

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड में रांची-पटना रोड पर हजारीबाग की चरही घाटी में शुक्रवार सुबह हुए एक सडक़ हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक और घायल बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले हैं। हादसा घाटी में एक एसयूवी स्कॉर्पियो के पलटने से हुआ।



चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा में जाकर पलट गई। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इसपर सवार सात में से तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया गया कि गाड़ी पर सवार लोग झारखंड के रामगढ़ जिला अंतर्गत रजरप्पा मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही चरही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से मृतकों और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। तीनों घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया।

वहीं, मृतकों को भी पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों व घायलों के नाम की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## वायु सेना उप प्रमुख ने उड़ाया हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर एचटीटी-40

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वायु सेना उप प्रमुखएयर मार्शल आशुतोष दीक्षित एवीएसएम वीएम वीएसएम ने आज बेंगलुरु में बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर एयरक्राफ्ट - 40 (एचटीटी-40) उड़ाया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित, विमान स्वदेश में डिजाइन किया गया है और एचएएल के विमान अनुसंधान एवं डिजाइन केन्द्र द्वारा विकसित किया गया है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर आधारित है।




एचटीटी-40 एक पूरा एरोबेटिक विमान है, जो चार ब्लेड वाले टर्बो-प्रोप इंजन द्वारा संचालित है। यह एक अत्याधुनिक ग्लास कॉकपिट, आधुनिक एवियोनिक्स और जीरो-जीरो इजेक्शन सीट सहित नवीनतम सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित है। ट्रेनर की अधिकतम गति 450 किलोमीटर प्रति घंटा और अधिकतम सर्विस सीलिंग छह किलोमीटर है। एचटीटी-40 ने पहली बार 31 मई 2016 को उड़ान भरी और 06 जून 2022 को सिस्टम स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया। सैन्य उड़ान योग्यता और प्रमाणन केन्द्र की मंजूरी से पूरा विमान अभी चल रहा है।भारतीय वायु सेना ने 70 विमानों की आपूर्ति के लिए एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसका प्रवेश 15 सितम्बर 2025 को शुरू होगा और 15 मार्च 2030 तक जारी रहेगा। एचटीटी-40 भारतीय सशस्त्र बलों के प्रारंभिक पायलटों की प्रशिक्षण गुणवत्ता को बढ़ाएगा। खरीद में विमान के लिए एक पूर्ण मिशन सिम्युलेटर भी शामिल होगा जो हवाई प्रशिक्षण का पूरक होगा, जिससे पायलटों को उड़ान से पहले जमीन पर विभिन्न अभ्यास कर सकेगें । एचटीटी-40 सरकार के आत्मनिर्भर भारत की कल्पना के अनुरूप रक्षा और विमानन क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक और कदम है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर मोदी के फैसले की पूर्व पीएम मनमोहन ने की तारीफ

**❐ -कहा प्रधानमंत्री ने जो किया सही किया**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रूस-यूक्रेन युद्ध पर केंद्र सरकार के रुख का देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने शांति की अपील करते हुए अपने संप्रभु और आर्थिक हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है।

दरअसल, जी-20 बैठक से पहले एक इंटरव्यू में मनमोहन सिंह ने यह बात कही है। इसी के साथ ही उन्होंने घरेलू राजनीति के लिए विदेश नीति का उपयोग करने पर भी चेतावनी दी है। पूर्व पीएम ने कहा कि उनके समय में विदेश नीति घरेलू राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी राजनीति के लिए कूटनीति का इस्तेमाल करते समय संयम बरतना जरूरी है। मनमोहन सिंह ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मेरे जीवनकाल में मिली और मैं जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत द्वारा विश्व नेताओं की मेजबानी करने का गवाह बनूंगा। पूर्व पीएम ने कहा कि विदेश नीति हमेशा से भारत के गवर्नेंस फ्रेमवर्क का एक महत्वपूर्ण तत्व रही है, लेकिन यह कहना उचित है कि यह आज घरेलू राजनीति के लिए पहले की तुलना में और भी ज्यादा उचित और महत्वपूर्ण हो गई है। जबकि दुनिया में भारत की स्थिति घरेलू राजनीति में एक मुद्दा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी या व्यक्तिगत राजनीति के लिए कूटनीति और विदेश नीति का उपयोग करने में संयम बरतना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

मनमोहन सिंह ने यूक्रेन-रूस युद्ध पर सरकार की सख्त कूटनीतिक स्थिति से निपटने की बात पर कहा कि केंद्र ने सही काम किया है। उन्होंने कहा कि जब दो या दो से अधिक देशों में जंग हो जाती है तो अन्य देशों पर पक्ष चुनने का दबाव होता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत ने शांति की अपील करते हुए हमारे संप्रभु और आर्थिक हितों को पहले रखकर सही काम किया है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी विवादों को निपटाने के मंच के रूप में जी-20 की कभी कल्पना नहीं की गई थी। जी-20 के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह सुरक्षा मतभेदों को दूर रखे और जलवायु, असमानता और वैश्विक व्यापार में विश्वास की चुनौतियों से निपटने के लिए नीति समन्वय पर अपना ध्यान केंद्रित करे।

चीन संबंधों और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शिखर सम्मेलन में शामिल न होने पर उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की क्षेत्रीय और संप्रभु अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। साथ ही उन्होंने सरकार को कोई सलाह देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि जटिल राजनयिक मामलों को संभालने के तरीके पर प्रधानमंत्री को सलाह देना मेरे लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। लेकिन मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री भारत की क्षेत्रीय और संप्रभु अखंडता की रक्षा करने और द्विपक्षीय तनाव को कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

## विस्तारा फ्लाइट में शख्स ने एयर होस्टेस को जबरन लगाया गले, लेनी चाही किस, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फ्लाइट में एयर होस्टेस के साथ फिर से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मुंबई में फ्लाइट से उतरने से पहले एक शख्स ने एयर होस्टेस को जबरन गले लगाया और फिर उसे किस करने की कोशिश की। पीड़िता ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की, जिसके बाद आरोपी को मुंबई में गिरफ्तार किया गया है। मामला चर्चाओं का विषय बन गया है।

मस्कट से ढाका जाने वाली विस्तारा की एक फ्लाइट मुंबई होकर जाती है। इस फ्लाइट में बांग्लादेश का शख्स मोहम्मद दुलाल भी सवार था। बताया गया है कि आरोपी ने फ्लाइट से उतरने से पहले अभद्रता शुरू कर दी। उसने एयर होस्टेस को जबरन गले लगा लिया। इसके बाद पीड़िता को किस करने की कोशिश की।

आरोप है कि फ्लाइट के अन्य यात्रियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी नहीं माना। लोगों से विवाद करने लगा। जानकारी




होने पर फ्लाइट के कैप्टन भी आ गए। जब उन्होंने आरोपी को काबू में करने की कोशिश की तो आरोपी उनसे भी उलझ गया। इस पर फ्लाइट कैप्टन ने आरोपी यात्री को रेड वार्निंग कार्ड दिया।

स्थिति काबू से बाहर होने पर फ्लाइट कर्मियों और पीडि़त एयर होस्टेस ने एयरपोर्ट सुरक्षा का मामले की जानकारी दी। इसके बाद आरोपी को पकडक़र पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। बता दें कि इससे पहले भी फ्लाइट में अभद्रता के कई मामले सामने आ चुके हैं।

## ट्राइब्स इंडिया मंडप में पारंपरिक जनजातीय कला कलाकृतियों की श्रृंखला प्रदर्शित किया गया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत मंडपम के शिल्प बाजार में ट्राइब्स इंडिया पवेलियन में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए जनजातीय कला और कलाकृतियों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। गुजरात और मध्य प्रदेश की जनजातियों द्वारा प्रतिष्ठित पिथौरा कला का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है। जनजातीय मामलों के मंत्रालय का ट्राइबल को ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) ट्राइब्स इंडिया मंडप में पारंपरिक जनजातीय कला, कलाकृतियों, पेंटिंग, मिट्टी के बर्तन, वस्त्र, जैविक प्राकृतिक उत्पादों और कई अन्य चीजों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन कर रहा है। यह प्रदर्शनी 9 और 10 सितंबर 2023 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में



जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में शिल्प बाजार (हॉल 3) में आयोजित की जा रही है। पिथौरा कला के प्रसिद्ध कलाकार, पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित श्री परेश राठवा उपस्थित रहेंगे और गुजरात और मध्य प्रदेश की राठवा, भिलाला, नाइक और भील जनजातियों द्वारा पूजनीय समृद्धि और अनुष्ठानिक कला का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। सदियों पुरानी कला के प्रति इस भावुक दृष्टिकोण ने न केवल हमारी सांस्कृतिक समृद्धि को पुनर्जीवित किया है, बल्कि दुनिया भर में उत्सुकता भी पैदा की है। मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग और ओडिशा के कारीगरों की सौरा पेंटिंग आंखों को लुभाती है। लेह-लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों से अंगोरा और पश्मीना शॉल के अलावा, बोध और भूटिया जनजातियों द्वारा बुने गए याद नहीं किए जाने वाले हैं। नागालैंड के कोन्याक आदिवासियों के रंग-बिरंगे आभूषण आंखों को प्रसन्न करते हैं। मध्य प्रदेश की महेश्वरी रेशम साड़ियाँ धार्मिक कार्यों और शुभ आयोजनों के दौरान पहनी जाती हैं। इसे एरी या मिलेनियम सिल्क में जोड़ें, जो असम की बोडो जनजाति द्वारा बहुत ही नाजुक ढंग से बनाया जाता है, जो समृद्धि को पूरी तरह से एक नया आयाम देता है। पिघली हुई धातुओं, मोतियों, रंगीन कांच के टुकड़ों, लकड़ी की गेंदों से बने ढोकरा आभूषण इसे जातीयता, विदेशीता और देते हैं। समृद्धि. यह पारंपरिक आभूषण प्राकृतिक थीम पर आधारित और नैतिक रूप से परिष्कृत है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी कारीगर आंतरिक कला के इन टुकड़ों के वास्तुकार हैं। धातु अंबाबारी शिल्प में राजस्थान के मीना आदिवासी कारीगरों द्वारा सुंदरता और खूबसूरती को बहुत ही खूबसूरती से उकेरा गया है। इन उत्पादों को एनामेलिंग का उपयोग करके तैयार किया जाता है जो धातु की सतह को रंगने या सजाने की कला है, जिसमें सतह पर फूलों, पक्षियों आदि के नाजुक डिजाइन संलग्न होते हैं। यह उन घरों को एक अद्वितीय पारंपरिक अनुग्रह और शांति प्रदान करता है जहां ऐसे शिल्प प्रदर्शित किए जाते हैं। प्रदर्शन पर आंध्र प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सहित भारत के विभिन्न राज्यों से अराकू वैली कॉफी, शहद, काजू, चावल, मसाले जैसे प्राकृतिक उत्पाद ट्राइफेड द्वारा प्रचारित कई उत्पादों में से कुछ हैं। ये सभी कई उत्पादों के साथ हैं अन्य उत्पादों को ट्राइब्स इंडिया मंडप में प्रदर्शित किया जा रहा है जो विविधता में एकता, सांस्कृतिक और पारंपरिक कोलाज, देश की विरासत की समृद्धि, सभी को एक ही छत के नीचे दर्शाता है।